गली गली में मंदिर होगा,
ज्योत जले तेरे नाम की,
इस कलयुग में पूजा होगी,
मेरे बाबा श्याम की।।

तर्ज भला किसी का कर ना।

मै नहीं कहता श्रीकृष्ण ने,
महाभारत में कह डाला,
जो भी इनके दर जाएगा,
उसका बनेगा रखवाला,
तेरे नाम के कारण महिमा,
बढेगी खाटूधाम की,
इस कलयुग मे पूजा होगी,
मेरे बाबा श्याम की।।

एक बार जो खाटू आए,
बार बार वो आएगा,
सच कहता हूँ तन मन धन से,
वो तेरा हो जाएगा,
मौज मनेगी जीवन में,
ना कमी रहेगी काम की,
इस कलयुग मे पूजा होगी,
मेरे बाबा श्याम की।।

शीश का दानी जो कहलाए,
वो क्या नहीं दे सकता है,
एक बार तुम मांग के देखो,
लाज साँवरा रखता है,
मेरी रखलो तुमने रखी थी,
लाज कृष्ण भगवान की,
इस कलयुग मे पूजा होगी,
मेरे बाबा श्याम की।।

श्याम सुन्दर को डोर सोंप दे,
तू भी अपने जीवन की,
बन जा जाकर श्याम के दर का,
कमी ना करीयो सुमीरण की,
ले लेगा वो जिम्मेदारी,
तेरी उम्र तमाम की,
इस कलयुग मे पूजा होगी,
मेरे बाबा श्याम की।।

गली गली में मंदिर होगा,
ज्योत जले तेरे नाम की,
इस कलयुग में पूजा होगी,
मेरे बाबा श्याम की।।

Singer : Nisha Dutt

Source: https://www.bharattemples.com/gali-gali-mein-mandir-hoga/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw